# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

राष्ट्रीय राजमार्ग न. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर, राजस्थान पिन कोड: 334004


**क्रमांक :प/( ) 04.मगसविबी/सा.प्र./ई–निविदा/2021–22/26996** **दिनांक: 24/2/22**

## ई–निविदा ज्ञापन संख्या/5/2021–22

विश्वविद्यालय में निम्न सामग्री/सेवा की आपूर्ति निविदा हेतु सक्षम जीएसटी पंजीकृत फर्मों से ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया के अंतर्गत डबल बिड सिस्टम से ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.स. | उपकरणों का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फीस | प्रोसेसिंग फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **HPLC** | 4800000 | 96000 | 400 | 1000 |

दिनांक 09/03/22 को दोपहर 03:00 बजे तकनीकी बिड खोली जावेगी। तकनीकी बिड उन्हीं निविदादाताओं की खोली जाएगी, जिनके द्वारा दिनांक 09/03/22 को अपराह्न 01:00 बजे तक निविदा शुल्क की राशि यथा रु 400/– के डिमांड ड्राफ्ट्स कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के नाम (बीकानेर में देय) तथा ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क राशि रूपए 1,000/– का डिमांड ड्राफ्ट एमडी आरआइएसएल, जयपुर (जयपुर में देय) के नाम से कुलसचिव कार्यालय को प्राप्त हो जायेंगे। निविदा शुल्क व एमडी आरआइएसएल, जयपुर को देने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से डीडी बनाकर भेजने के लिए 1000 रूपये महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के बैंक खाते में नीचे लिखे विवरणानुसार NEFT या अन्य ऑनलाइन माध्यम के द्वारा जमा करवाकर स्कैन कॉपी तकनीकी बिड के साथ डीडी के स्थान पर निर्धारित कॉलम में विवरण अंकन कर तकनीकी बिड खोलने की तिथि को 01:00 बजे तक अपलोड की जा सकेगी परंतु किसी तकनीकी खामी/कनेक्टीवीटी समस्या/ट्रांजेक्शन फेल या अन्य कारणों से राशि जमा नहीं होती है तो इसके लिए विश्वविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। तकनीकी रूप से सफल पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेंगी, जिसकी तिथि अलग से सूचित की जावेंगी। निविदाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दिनांक 25/02/22 सायं 05:00 बजे से ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट www.mgsubikaner.ac.in तथा स्टेट प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध होगी। बैंक खाते का विवरण निम्नानुसार है:–

S. बैंक का नाम व शाखा:– पंजाब नेशनल बैंक, बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर
T. बैंक खाता संख्या:– 4142011800000014
U. बैंक IFS Code:- PUNB0472000

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

**राष्ट्रीय राजमार्ग न. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर, राजस्थान पिन कोड: 334004**

**ई–निविदा भरने हेतु निविदादाता के लिये निर्देश(1.)** निविदा के साथ धरोहर राशि, 400 रू. निविदा शुल्क व 1000 रू. (MD RISL JAIPUR को देय) के डी.डी. भौतिक रूप से विश्वविद्यालय में निर्धारित समय तक मूल रूप से प्रस्तुत करने होंगे। इसके अलावा निविदा सूचना के विवरणानुसार NEFT या अन्य ऑनलाइन माध्यम के द्वारा निम्नांकित विवरणानुसार विश्वविद्यालय के बैंक खाते में जमा कराके स्कैन कॉपी तकनीकी बिड के साथ अपलोड करनी होगी, जिसके अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय के बैंक खाते का विवरण निम्नानुसार हैः–

बैंक का नाम व शाखाः– पंजाब नेशनल बैंक, बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर

बैंक खाता संख्याः– 4142011800000014, बैंक IFS Code:- PUNB0472000

NEFT या अन्य ऑनलाइन माध्यम के द्वारा जमा कराने की स्थिति में भौतिक रूप से विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर Proof of Deposit देने की आवश्यकता नहीं होगी।

**(2.) किसी भी प्रकार का विवाद होने पर** समस्त कानूनी कार्यवाही किसी भी पक्ष द्वारा किये जाने की स्थिति में बीकानेर स्थित **सक्षम** न्यायालय में ही प्रारम्भ करनी होगी, अन्य न्यायालय पर नहीं। समस्त विधि वाद की जिम्मेदारी संबंधित निविदादाता की होगी। इस निविदा एवं अनुबंध के संबंध में अन्य शर्तें एवं नियम, जिनका उल्लेख उपर नहीं किया गया है, राजस्थान सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 नियम 2013 के समस्त नियम, परिनियम, धारा व सलग्नक लागू रहेंगें।

(3.) निविदा ई–प्रोक्योरमेंट साइट से डाउनलोड करके, हस्ताक्षर करके मय आवश्यक प्रपत्रों के स्कैन कॉपी स्कैन करके ई–प्रोक्योरमेंट साइट पर उपलब्ध करवानी होगी व वितिय बिड इसी साइट उपलब्ध वितिय बिड शीट में ऑनलाइन अंकित करनी होगी । **वित्तीय बिड को स्कैन करके अपलोड नहीं किया जाना है**। भौतिक रूप से निविदा स्वीकार्य नहीं होगी । विश्वविद्यालय की वेबसाइट व sppp पोर्टल पर भी निविदा अपलोड नहीं की जा सकेगी । उक्त दोनों वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र मात्र अवलोकनार्थ डाले गये है ।

(4.) इन निविदाओं में भाग लेने के इच्छूक निविदादाता निविदा–प्रपत्रों को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउन लोड कर सकते है।

(5.) निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑनलाईन निविदा में भाग लेने के लिये डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) इनफोरमेशन टेक्नोलोजी एक्ट–2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सी.सी.ए. द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट है, नया लेने की आवश्यकता नहीं है

(6.) निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलैक्ट्रोनिक फारमेट में उपरोक्त वेब साईट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत कराना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजिटल साईन के साथ नहीं होंगे, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। कोई भी प्रस्ताव भौतिक फॉर्म में स्वीकार्य नहीं होगा।

(7.) इलैक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटैच कर दी गई है।

(8.) कोई भी टेण्डर इलैक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।

19. निविदादाता का नाम (फर्म) का पूरा पताः........................................................................................

20. फर्म एकल/भागीदारी (दस्तावेजों की सत्यप्रति संलग्न करें):.............................................................

21. भागीदारों के नाम.............................. 4.बैंक जिसके माध्यम से लेनदेन करते है.......................................

11. नाम जो लेनदेन करेगा मय अधिकार पत्र की प्रतिः.........................................................................

**कुलसचिव**